न्यायालय : मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, फलोदी

क्रमांक : 69 दिनांक : 14/10/26

कार्यालय आदेश

मैं हर्ष कुमार, आर.जे.एस. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, 'फलोदी भारतीय नागरिक सुरक्षा 2023 की धारा 13(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस कार्यालय के पूर्वादेश क्रमांक 64 दिनांक 30.09.2026 में आंशिक संशोधन करते हुए माह अक्टूबर, 2026 में दिनांक 18.10.2026 से दिनांक 25.10.2026 तक के राजकीय अवकाश को फलोदी जिला मुख्यालय, बाप, लोहावट न्यायालयों के क्षेत्राधिकार में उत्पन्न होने वाले आवश्यक आपराधिक प्रकरणों यथा रिमाण्ड, जमानत, मृत्युकालीन कथन, मृत्यु समीक्षा एवं अन्य आवश्यक कार्य तथा प्रोटोकॉल आदि के लिए निम्न न्यायिक अधिकारी को उनके नाम के सम्मुख अंकित राजकीय अवकाश की तिथि को एवं नियत तिथि के पूर्ववर्ती कार्य दिवस को कार्यालय समय पश्चात् से पश्चात्वर्ती कार्य दिवस को कार्यालय समय पूर्व तक अपने मुख्यालय पर उपस्थित रहकर और यदि किसी कारण से नियत तिथि से पूर्ववर्ती या पश्चात्वर्ती कार्य दिवस का अवकाश घोषित होता है तो संबंधित अधिकारी को ही मुख्यालय पर उपस्थित रहकर उक्त कार्य संपादित करने के लिए अधिकृत किया जाता है।

क्रं सं	अधिकृत न्यायिक अधिकारी का नाम व पदनाम	रिमाण्ड ड्यूटी की दिनांक
1	श्रीमती गरिमा चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट, लोहावट	18.10.2026, 19.10.2026, 20.10.2026 व 21.10.2026
2	श्रीमती सुप्रभा देवल अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, संख्या 02, फलोदी	22.10.2026, 23.10.2026, 24.10.2026 व 25.10.2026

उक्त संशोधन के अतिरिक्त शेष आदेश क्रमांक 64 दिनांक 30.09.2026 यथावत रहेगा।

(हर्ष कुमार)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
फलोदी।

क्रमांक : 9770111 दिनांक : 14/10/26

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. माननीय जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय, फलोदी।
2. श्रीमान् अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय, फलोदी।
3. अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 01/02, फलोदी।
4. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, फलोदी/लोहावट/बाप।
5. अध्यक्ष बार एसोसिएशन, फलोदी/लोहावट/बाप।
6. श्रीमान् पुलिस अधीक्षक, फलोदी को अपने अधीनस्थ समस्त थानों/अनुसंधान अधिकारियों को सूचित करने हेतु।
7. अभियोजन अधिकारी, फलोदी/बाप/लोहावट।
8. सिस्टम ऑफिसर, जिला न्यायालय, फलोदी को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु।
9. कार्यालय प्रति/रक्षित पत्रावली।

(हर्ष कुमार)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
फलोदी